NICT/Sep/2014/014

Only for internal circulation

NICT संपर्क
साप्ताहिक समाचार पत्र




## क्या अब युवा पीढ़ी उठायेगी ज़िम्मा?

**''अँगार हार उनका सुन हॉक समय रूक जाता है, आदेश जिधर का देते है, इतिहास उधर झुक जाता है''** अपनी इन पंक्तियों में दिनकर जी ने साफ तौर से युवा को हर युग का वीर व इतिहास रचने वाला बताया है, और हो भी क्यों न आखिर वो युवा ही तो है, जिसने समय–समय पर अपनी मेहनत और संकल्प से इतिहास का रूख बदला है। अगर हम अपने राष्ट्र में युवा पीढ़ी के योगदान को देखें, तो हमें ज्ञात होगा कि आजाद भारत की लड़ाई में युवा क्रांतिकारी वीरों का अमूल्य योगदान रहा है। जिन्होने अपने बलिदान और त्याग से दुनिया को संदेश दिया कि यह देश किसी का गुलाम नहीं हो सकता और न ही हमें किसी ऐसे देश के हस्तक्षेप की आवश्यकता है जो अखण्ड भारत की प्रभुता को ठेस पहुँचाये क्योंकि भारत में वो हर चीज उपलब्ध है जिसे आज का युवा पाना चाहता है, बस आवश्यकता है तो सिर्फ अपनी महत्वाकांक्षा को पहचानने की।

मगर आज की युवा पीढ़ी हमारे समाज को जिस तरह से अपने विचारों की नयी श्रृखंला से रूबरू करा रही है इसे देखते हुये नहीं लगता कि हमारे नये समाज को गढ़ने की क्षमता इस पीढ़ी के पास हो सकती है। जबकि **आज हम दुनिया के परिदृश्य में सबसे ज्यादा युवा संख्या को लेकर चल रहे है।**

एक दशक पहले रोजगार और व्यवसाय के लिये आम नागरिकों को मुश्किलों से गुजरना पड़ता था। लेकिन आज रोजगार के नये आयाम खुलकर सामने आये है। जिसका फायदा आम लोगों तक को हो रहा है कहने का तात्पर्य यह है, कि आज जब रोजगार है, व्यवसाय है, और विकास का पूरा वातावरण बना हुआ है, ऐसी स्थिति में कार्य का सही चयन करना और उस पर पूरी कर्मठता से कार्य करना ज्यादा आवश्यक है न कि किसी ऐसी गतिविधि का हिस्सा बन कर रह जाना जो हमें अपने समय से दूर रखे। आज कल ऐसा कुछ ही देखने को मिल रहा है।

आज का युवा सोशल नेटवर्क के माध्यम से अपने होने मात्र का एहसास दिला रहा है। लेकिन क्या सिर्फ इतना काफी है? मोबाइल व इंटरनेट के माध्यम से व्हाट्स एप, फेसबुक, ट्वीटर और भी जाने कितने ऐसे माध्यम है जिनमें आज की युवा पीढ़ी व्यस्त है, जो कभी भी समाज के नैतिक मूल्यों का संरक्षण नहीं करता और न ही विकास की राह को और प्रबल ही बनाता है। हाँ, आज के दौर में अपने विचारों को रखने में सोशल साइट्स की ख़ास भूमिका है, मगर क्या इन साधनों से हमारे देश का युवा कहीं खो तो नहीं जायेगा। आज युवाओं को सोशल साइट्स के अलावा ऐसे दायित्यों का निर्वाहन करना भी आवश्यकता है, जो अपने देश को दुनिया के साथ कदम से कदम बढ़ाकर चलने में मदद करे और इसका चयन करने का दायित्व आज की युवा पीढ़ी पर ही है।

फेसला युवाओं को स्वयं करना होगा कि, वो अपनी क्षमता को कहाँ इस्तेमाल करना चाहते है। किसी ऐसे कार्य को पूरा करने में जो नैतिक मूल्यों को पूरा कर एक नये समाज का निर्माण करें या फिर अपने जुनूनी रवैये को बिना लक्ष्य की राह पर जाकर गवां दे।

अगर ऐसा होता है तो आज की युवा पीढ़ी भीड़ का हिस्सा मात्र बनकर रह जायेगी जो न तो युवाओं के भविष्य के लिये ठीक होगा ओर न ही देश के लिऐ। फैसला आपको करना है।

**संपादक**
**संजय सोनी**

**Design by: Pooja Sharma**

NICT संपर्क
साप्ताहिक समाचार पत्र

## पश्चिम बंगाल



दिनांक 15 सितम्बर 2014 को ई मेदनीपुर (जिला) के झिकुरखाली (ग्राम) में ''**ग्राहक सेवा केन्द्र**'' का शुभारम्भ किया गया। इस कियोस्क के संचालक श्री राजेश दास जी है।



दिनांक 20 सितम्बर 2014 को पुरूलाई (जिला) के बिज़नेस कॉम्पलेक्स में ''**ग्राहक सेवा केन्द्र**'' का शुभारम्भ किया गया। इस कियोस्क के संचालक श्री सुखेन्दु महातो जी है।










दिनांक 21 सितम्बर 2014 को पुरूलिया (जिला) के मजपुरा जागदु (ग्राम) में ''**ग्राहक सेवा केन्द्र**'' का शुभारम्भ किया गया। इस कियोस्क के संचालक श्री अरिन्दम मुखर्जी है।



## कर्नाटक

दिनांक 28 सितम्बर 2014 को दवाणगेरे जिला के ग्राम हलावागलू, हर्पनहल्ली तहसील में ''**एसबीआई**'' के ''**ग्राहक सेवा केन्द्र**'' का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर एसबीआई शाखा प्रबंधक श्री मारूति कोनडोजी उपस्थित रहे।













## झारखण्ड

दिनांक 27 सितम्बर 2014 को जमशेदपुर जिला जिसे टाटानगर भी कहाँ जाता है में ''**बैंक ऑफ इण्डिया**'' द्वारा 110 सीएसपीओं की कार्यशाला का आयोजन हुआ। ये समस्त सीएसपी बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा चयनित है और जिनको आगामी दिनों में एनआईसीटी द्वारा संचालक की प्रक्रिया को कार्यान्वित किया जायेगा।

## मध्य प्रदेश

दिनांक 27 सितम्बर 2014 को देवास जिला के **हाट पिपलिया** ग्राम में एनआईसीटी और अपराजिता महिला संघ द्वारा चयनित की गयी छः स्वः सहायता समूह की बैंक सखियों का ''**नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक**'' के कियोस्क कार्य के लिये शुरूवात की गयी। इन बैंक मित्रों को लोगों से सीधा संपर्क कर तकनीकि और व्यवहारिक जानकारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर श्रीमति रेखा रामजे (सीईओ – अपराजिता महिला संघ) श्री अश्विन शर्मा (जीआईजेड– अधिकारी) श्री आलोक खरे (एनआईसीटी) उपस्थित रहे।





## गुजरात



दिनांक 26 सितम्बर 2014 को ''पन्चमहल'' जिला के ''मुदावादेख'' ग्राम में ''**बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक**'' के ''**ग्राहक सेवा केन्द्र**'' को शुभारम्भ किया गया। इस कियोस्क का उद्‌घाटन श्री कृष्णा शर्मा (वित्तीय समावेशक अधिकारी– बीजीजीबी) द्वारा किया गया। कियोस्क संचालक श्री प्रवीण कुमार पंचाल है। इस अवसर पर श्री आर.एम. पण्डया (वित्तीय समावेशक– आरबीआई) और श्रीमति सुजाता यालुरू (नावार्ड) उपस्थित रहे।






दिनांक 25 सितम्बर 2014 को ''भारूच'' जिला में ''**बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक**'' (मुख्य शाखा) के नये चेयरमेन श्री बी.आर. पटेल का स्वागत करते श्री कृणाल शाह (एसपीएम– गुजरात, एनआईसीटी)





दिनांक 30 सितम्बर 2014 को ''पंचमहल'' जिला के ''गोधरा'' ग्राम में बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में सीएसपीओं के लिये एक प्रशिक्षण हेतू एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला श्री बी.आर. पटेल (अध्यक्ष– बीजीजीबी) एवं श्री आर.बी. उपाध्याय (क्षेत्रीय– प्रबंधक) की उपस्थिति में आयोजित की गयी।

दिनांक 27 सितम्बर 2014 को अहमदाबाद जिला के ग्राम ''ओधव'' में ''**बैंक ऑफ बड़ौदा**''के कियोस्क का शुभारम्भ हुआ। इसका उद्घाटन श्री सुजीद जी (वित्तीय समावेशक– क्षेत्रीय अधिकारी) द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनआईसीटी से श्री कृणाल शाह (एसपीएम) उपस्थित रहे। कियोस्क संचालक श्री केशवलाल परमार है।




NICT संपर्क
साप्ताहिक समाचार पत्र

## उड़ीसा

दिनांक 06 अक्टूबर 2014 को बालेश्वर (जिला) के कुरून्ता ग्राम में ''**बैंक ऑफ इण्डिया**'' के ''**ग्राहक सेवा केन्द्र**'' का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर श्री ज्योति प्रकाश पानीग्राही एमएलए द्वारा उद्घाटन किया गया व श्री सपन कुमार मिश्रा (बीडीएम– बालेश्वर, एनआईसीटी) से उपस्थित रहे। कियोस्क संचालक श्री अनंत प्रकाश महाकुद है।





## उत्तरप्रदेश

दिनांक 02 अक्टूबर 2014 को बारावंकी (जिला) के दरियाबाद (तहसील) में ''**बैंक ऑफ बड़ौदा**'' के ''**ग्राहक सेवा केन्द्र**'' का शुभारम्भ हुआ। यह उद्घाटन श्री राम सजीवन (प्राचार्य– एलबीएस इंटर कॉलेज) व श्री राकेश अवस्थी (मंत्री– शिक्षा विभाग, बारावंकी) के तत्वाधान में किया गया व श्री अनुज कुमार मिश्रा (सीपी–एनआईसीटी) उपस्थित रहे।








दिनांक 28 सितम्बर 2014 को विल्लोही, कोशामबी जिला में ''**बैंक ऑफ बड़ौदा**'' के ''**ग्राहक सेवा केन्द्र**'' का शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव (बीडीएम– इलाहावाद) द्वारा किया गया। संचालक श्री अमित कुमार है। उपस्थित लोगों को जन–धन योजना के बारे में जानकारी दी गयी।

## राजस्थान



दिनांक 04 अक्टूबर 2014 को जोधपुर जिला के **बंसी ग्राम** में **''बैंक ऑफ बड़ौदा''** के ''ग्राहक सेवा केन्द्र'' का **श्री अनुराग जैन (वित्तीय सचिव– भारत सरकार)** श्री बी.एल. गुप्ता (डीजीएम) व श्री हरिहरन (वित्तीय प्रबंधक– बैंक ऑफ बड़ौदा) द्वारा निरीक्षण किया गया व कियोस्क के कार्यो की समीक्षा की।




## दिल्ली

दिनांक 08 अक्टूबर 2014 को एनसीआर, पश्चिम दिल्ली के नानग्लोई में ''**बैंक ऑफ बड़ौदा**'' के **ग्राहक सेवा केन्द्र** का शुभारम्भ हुआ। इस कियोस्क की संचालिका श्री ज्योति जी है।

# बढ़ते कदम



## गुजरात

**चेनल पार्टनर ''भरत पटेल'' को मिला ''मेगा स्टार अवार्ड''**

किसी ने कहा है कि '**होसला हो जब मजबूत तो मंजिल दूर नहीं होती**' इसी जज़्बे को पूरा कर दिखाया **श्री भरत पटेल** ने जो एनआईसीटी में बतौर चेनल पार्टनर होकर ''बनासकांठा'' जिला से लोगों को सेवाऐं प्रदान कर रहे है।



दिनांक 08 सितम्बर 2014 को श्री पटेल द्वारा अगस्त (2014) माह में समस्त एसडीपी से अच्छा समन्वय स्थापित करने व सर्वाधिक कलेक्शन प्राप्त करने में ''मेगा स्टार अवार्ड'' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री कृणाल शाह (एसपीएम) ने भरत पटेल की सराहना की।

## हरियाणा

जिला पन्चकुला ग्राम अभयपुर में ''**बैंक ऑफ इण्डिया**'' के एसडीपी द्वारा दिनांक 07 अक्टूवर 2014 को तकरीवन 45 दिनों में 600 बैंक खाते खोले गये। इस कियोस्क के संचालक समीर रहमान जी है। आपको बधाई।

## उत्तराखण्ड

गढ़वाल जिला के सिविल लाइन्स, रूडकी में संचालित ''**ग्राहक सेवा केन्द्र**'' द्वारा बैंक ॉफ बड़ौदा के 500 से ज्यादा खाते खोले। इस कियोस्क के संचालक श्री प्रिंस त्यागी है। आपको बधाई।

## असम

जिला लखीमपुर के ''**एसबीआई**'' ''**ग्राहक सेवा केन्द्र**'' (सीएसपी कोड– 1ए760099) पर एक शिविर का आयोजन किया गया, इस अवसर पर एसबीआई शाखा प्रबंधक श्री एस भट्टाचार्य उपस्थित रहे। इस शिविर में लोगों को महत्वाकांक्षी जन–धन योजना को लेकर लोगों को जागरूक किया गया।

